आ0श0प0सं0–3503 / 29 / एस.जे.एस.आर.वाई / 98 / 2000

प्रेषक,

श्री एस.आर.लाखा,

निदेशक / अध्यक्ष,

सूडा।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,

अध्यक्ष जिला नगरीय विकास अभिकरण,

उत्तर प्रदेश।

नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग। लखनऊः दिनाँकः 22 फरवरी, 2000

विषयः. स्वर्ण जयन्ती शहरी रोजगार योजनान्तर्गत प्रशिक्षण प्राप्त लाभार्थियों को टूल–किट्स क्रय एवं वितरण के संबंध में।

महोदय,

स्वर्ण जयन्ती शहरी रोजगार योजना के अन्तर्गत कौशल सुधार प्रशिक्षण कार्यक्रम (नगरीय स्वः रोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम) हेतु सम्यक् विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया है कि इस कार्यक्रम के अन्तर्गत पूर्व निर्धारित मानकों एवं भारत सरकार द्वारा इस सम्बन्ध मे निर्गत दिशा–निर्देशों के अनुरूप टूल–किट्स का क्रय प्रदेश सरकार के सरकारी एवं अर्थ–सरकारी संस्थानों तथा केन्द्र सरकार के प्रतिष्ठानों एवं उपक्रमों से ही किया जायेगा। इस सम्बन्ध में टूल–किट्स क्रय विषयक सभी कार्यवाहियॉ जिला स्तर से ही सम्पादित की जायेंगी। जिला स्तर पर इस प्रयोजनार्थ निम्नानुसार समिति का गठन किया जाता है :–

1.	जिलाधिकारी / अध्यक्ष, डूडा	अध्यक्ष
2.	मुख्य विकास अधिकारी	उपाध्यक्ष
3.	परियोजना निदेशक, डूडा	सदस्य / सचिव
4.	महा प्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र	सदस्य
5.	जिला प्रबन्धक, नाबार्ड	सदस्य
6.	खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के प्रतिनिधि	सदस्य
7.	अग्रणी बैंक अधिकारी	सदस्य
8.	अधिशाखी अधिकारी, सम्बन्धित नगरपालिका	सदस्य
9.	परियोजना अधिकारी, डूडा	सदस्य

आपसे अनुरोध है कि कृपया तदनुसार अग्रेतर कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। यह भी अनुरोध है कि टूल / किट्स की गुणवत्ता का प्रमाणपत्र समय–समय पर टूल रूम इन्स्टीट्यूट, लखनऊ एवं पर्वतीय जनपदों के लिए उ0प्र0 गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पन्तनगर, नैनीताल से प्राप्त, करने का कष्ट

करें। मानकों एवं भारत सरकार के दिशा–निर्देशों के अनुरूप टूल किट्स आपूर्ति न करने वाले संस्थानों एव उपक्रमों के विरूद्ध विधि सम्यक् कठोर कार्यवाही की जायेगी।

भवदीय,

(एस.आर.लाखा)
निदेशक / अध्यक्ष
सूडा

पत्रांक एवं दिनाँक तदैव :–

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

(1) समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।

(2) समस्त उपाध्यक्ष, जिला नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0।

(3) समस्त परियोजना निदेशक / परियोजना अधिकारी, जिला नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0।

भवदीय,

(एस.आर.लाखा)
निदेशक / अध्यक्ष
सूडा